जुलाई 2024

Center for Prevention Programs and Partnerships







# लक्षित हिंसा और आतंकवाद की रोकथाम

रोकथाम संसाधन: राज्य TVTP रणनीति विकास

# विषयसूची


*विहंगावलोकन*......2

*लक्षित हिंसा और आतंकवाद की रोकथाम के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य-सूचित अभिगम*......3

*राज्य TVTP रणनीतियाँ और क्षमताएँ*......4

**पृष्ठभूमि**......4

**मुख्य घटक**......4

**शासन संरचनाओं की स्थापना करना**......5

TVTP टीम का गठन......5

मिशन, लक्ष्य, उद्देश्य और ऑडियंस की पहचान करना......5

राज्य TVTP रणनीति का मसौदा तैयार करना......6

मेट्रिक्स का विकास......6

**राज्यव्यापी TVTP रणनीति कार्यशाला का आयोजन करना**......7

**व्यवहारिक खतरों का आकलन और प्रबंधन करने वाली टीम्स**......7

**एक बहुविषयक अभिगम**......8

**सूचना साझाकरण तंत्र को परिभाषित करना**......8

सुरक्षात्मक गोपनीयता, नागरिक अधिकार और नागरिक स्वतंत्रता......9

पारिभाषिक शब्दों को स्पष्ट करना......9

**प्रशिक्षण**......11

**सहायता सेवाओं से संबंध**......9

हितधारकों को शामिल करना......9

*राज्य TVTP रणनीति के उदाहरण*......11

**न्यूयॉर्क राज्य लक्षित हिंसा रोकथाम रणनीति 2023**......11

**इलिनोइस लक्षित हिंसा रोकथाम रणनीति, K-12 और उच्च शिक्षा**......11

**हवाई लक्षित हिंसा रोकथाम रणनीति 2022**......12

*निष्कर्ष*......12

*अतिरिक्त संसाधन*......12

# विहंगावलोकन

राज्य लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम (TVTP) रणनीति का प्राथमिक मिशन सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और राज्य को लक्षित हिंसा और आतंकवाद के संभावित जोखिमों और खतरों से बचाने में मदद करना है। राज्य-स्तरीय TVTP रणनीति विकसित करना और उसे लागू करना राज्य के संसाधनों को अद्‌वितीय और गतिशील खतरे के माहौल के अनुकूल बनाने का एक प्रभावी तरीका है और रोकथाम की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

TVTP रणनीति एक सुचिन्तित और अच्छी तरह से संरचित कार्य योजना है। यह एक ठोस रणनीति संसाधनों को आवंटित करने के लिए एक स्पष्ट दिशा प्रदान करती है, प्राथमिकताओं को परिभाषित करती है और मसौदा तैयार करने और कार्यान्वयन अवधि के दौरान निष्पादित किए जाने वाले समन्वित चरणों की रूपरेखा तैयार करती है। यह अनुकूलनशीलता, लचीलापन और निरंतर मूल्यांकन की विशेषताएं प्रदर्शित करती होनी चाहिए, जिससे बदलती परिस्थितियों, अप्रत्याशित बाधाओं या प्राप्त अंतर्दृष्टि के जवाब में समायोजन किया जा सके।

इस मार्गदर्शिका में दी गई जानकारी विभिन्न राज्यों की अपनी खुद की TVTP रणनीतियां तैयार करने के दौरान उनके और होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (DHS) के सेंटर फॉर प्रिवेंशन प्रोग्राम्स एंड पार्टनरशिप्स (CP3) के बीच किए गए सहयोगात्मक प्रयासों से प्राप्त की गई है। इसके अतिरिक्त, यह लक्षित हिंसा को रोकने के लिए नेशनल गवर्नर्स एसोसिएशन (NGA) के व्यापक रोडमैप पर आधारित है। 2017 में, NGA को राज्य नीति अकादमियों का आयोजन करने और राज्यों को उनकी रोकथाम कार्यक्रम निर्माण के समन्वय में सहायता करने के लिए तकनीकी संसाधन विकसित करने के लिए DHS TVTP अनुदान प्राप्त हुआ था। परिणामी टूलकिट और जानकारी (NGA, 2024) राज्यों को अपनी रणनीति विकसित करने के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन और एक प्रारंभिक शुरुआत स्थान प्रदान करती है।

यह रोकथाम संसाधन NGA दिशानिर्देशों का विस्तार करता है, जिसमें पूर्ण की गई TVTP राज्य रणनीतियों के उदाहरण और व्यवहारिक खतरों का आकलन और प्रबंधन करने वाली टिम्स, प्रशिक्षण के अवसर और सूचना-साझाकरण तंत्र सहित अतिरिक्त विचार शामिल हैं। राज्य अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप TVTP रणनीति तैयार करने, उसे परिशोधित करने और लागू करने के लिए CP3 के साथ मिलकर इस संसाधन का लाभ उठा सकते हैं।

अस्वीकरण: यह रोकथाम संसाधन, राज्य लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम रणनीति विकास पर सेंटर फॉर प्रिवेंशन प्रोग्राम्स एंड पार्टनरशिप्स द्‌वारा की गई शोध का सारांश प्रदान करता है। गैर-संघीय स्रोतों को शामिल करने का मतलब यह नहीं है की यू.एस. होमलैंड सिक्योरिटी विभाग या संघीय सरकार द्‌वारा किसी गैर-संघीय संस्था या उनकी सामग्री का समर्थन किया गया है।

# लक्षित हिंसा और आतंकवाद की रोकथाम के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य-सूचित अभिगम

सेंटर फॉर प्रिवेंशन प्रोग्राम्स एंड पार्टनरशिप्स (CP3) विभाग की आतंकवाद और लक्षित हिंसा को रोकने की क्षमता का होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (DHS) द्वारा समर्थन किया जाता है, जो गोपनीयता सुरक्षा, नागरिक अधिकारों और नागरिक स्वतंत्रताओं और अन्य लागू कानून के अनुरूप है। CP3 के माध्यम से, विभागने सभी प्रकार के हिंसक उग्रवाद, लक्षित हिंसा और आतंकवाद को रोकने के लिए सम्पूर्ण समाज के अभिगम को अपनाया है। इसमें विश्वास को बढ़ावा देना, साझेदारी बनाना और सरकार, निजी क्षेत्र और गैर-सरकारी संगठनों के सभी स्तरों पर सहयोग को बढ़ावा देना शामिल है।

> रोकथाम के अभिगम को व्यापक बनाने के लिए, राज्य **TVTP** रणनीति सार्वजनिक स्वास्थ्य की सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देती है।

उसके रोकथाम मॉडल को विकसित करने में, DHS द्वारा रोग नियंत्रण केंद्र (CDC, 2021) द्वारा उल्लिखित हिंसा की रोकथाम के सिद्धांतों से प्रेरणा ली गई है। इन सिद्धांतों में सबसे प्रमुख स्थानीय स्तर पर किए जाने वाले रोकथाम प्रयासों की प्रभावशीलता है, जो समुदाय के हितधारकों को समाज के लोगों से जोड़ते हैं ताकि उन्हें आपराधिक या हिंसक व्यवहार में शामिल होने से पहले ही सहायता प्रदान की जा सके। इस सिद्धांत से प्रेरित होकर, DHS ने सार्वजनिक स्वास्थ्य-सूचित अभिगम के माध्यम से रोकथाम प्रयासों को स्थापित करने और मजबूत करने के लिए राज्य और स्थानीय पहलों का समर्थन करने को प्राथमिकता दी है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य अभिगम पर आधारित राज्य की TVTP रणनीति का उद्देश्य किसी भी व्यक्ति द्वारा हिंसक कृत्य होने से पहले उस कृत्य के जोखिम के कारकों को और प्रतिकूल परिणामों की संभावना को कम करने के सुरक्षात्मक कारकों को सुदृढ़ करना है। यह अभिगम संपूर्ण आबादी के व्यापक स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण पर जोर देता है।

बहुविषयक, समुदाय-आधारित प्रयासों और साझेदारियों पर सार्वजनिक स्वास्थ्य के महत्व का लाभ उठाकर, एक राज्य TVTP रणनीति:

- सक्रिय, दीर्घकालिक प्रयासों को बनाए रखने और लक्षित हिंसा और आतंकवाद की घटनाओं को कम करने के लिए रोकथाम कार्यक्रमों का एक नेटवर्क स्थापित करती है।
- रोकथाम पहलों के दायरे को व्यापक बनाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य की सर्वोत्तम प्रथाओं की वकालत करती है।
- व्यक्तियों एवं समुदायों की सार्वजनिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य की रक्षा करती है।
- सुरक्षात्मक कारकों को सुदृढ़ करती है और लक्षित हिंसा और आतंकवाद से जुड़े जोखिमों को कम करने की राज्य की क्षमता को मजबूत करती है।
- विशिष्ट खतरों के परिदृश्य को संबोधित करने और राज्य के संसाधनों को अनुकूलित करने के लिए प्रभावी मार्गदर्शन, प्रशासन और संरचना प्रदान करती है।
- इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य, शिक्षा, न्याय, कानून प्रवर्तन, स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक सेवाओं और सरकार सहित कई क्षेत्रों से प्रतिबद्धता, सहयोग और नेतृत्व शामिल है।

**परिभाषाएं**

**लक्षित हिंसा:** CP3 लक्षित हिंसा को एक ऐसी गतिविधि के रूप में परिभाषित करता है जिसमें मानव जीवन के लिए खतरनाक हो वैसे कार्य शामिल होते हैं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका या किसी भी राज्य के आपराधिक कानूनों का उल्लंघन करते हैं और जो कुछ हद तक योजनाबद्ध होते हैं और जिसमें वास्तविक या अनुमानित पहचान लक्षणों या समूह संबंधन के आधार पर व्यक्ति (व्यक्तियों) सहित एक पूर्व-निर्धारित लक्ष्य शामिल होता है।

**आतंकवाद:** होमलैंड सिक्योरिटी विभाग आतंकवाद को किसी भी ऐसी गतिविधि के रूप में परिभाषित करता है जिसमें आपराधिक रूप से ऐसे गैरकानूनी कार्य शामिल है, जो मानव जीवन के लिए खतरनाक हो या महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे या प्रमुख संसाधनों के लिए संभावित रूप से विनाशकारी हो; और

- जिसमे ऐसा प्रतीत होता हो की इसका उद्देश्य तात्कालिक कृत्य के लक्ष्य(यों) से ज़्यादा व्यापक जनसंख्या को डराना, विवश करना या अन्यथा प्रभावित करना है या अपराधी या उसकी शिकायतों के लिए प्रचार करना है; और
- जो संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रादेशिक क्षेत्राधिकार में घटित होता है और जिसमे पारस्परिक हिंसा, सड़क या गिरोह से संबंधित अपराध, संगठित अपराध सिंडिकेट या इसी प्रकार के संगठनों द्वारा किए गए हिंसक अपराध या वित्तीय रूप से प्रेरित अपराध शामिल नहीं हैं।

# राज्य TVTP रणनीतियाँ और क्षमताएँ

## पृष्ठभूमि

संसाधनों को साझा करके, स्थानीय और राष्ट्रीय कार्यक्रमों के माध्यम से संबंधों को बढ़ावा देकर और स्थानीय प्रयासों को प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता प्रदान करके आशाजनक हस्तक्षेपों का समर्थन करने और उन्हें आगे बढ़ाने में राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्य द्वारा आगे बढ़ाने का अभिगम स्थानीय सरकारी संस्थाओं, गैर-लाभकारी संगठनों और निजी क्षेत्र के साथ समन्वय को बढ़ावा देता है। एक राज्य TVTP रणनीति द्वारा सामूहिक कार्रवाई को प्रोत्साहित करते हुए विभिन्न विषयों में हितधारकों को भूमिकाएं और जिम्मेदारियां सौंपकर उनके समावेश को बढ़ावा मिलता है।




## मुख्य घटक

राज्य TVTP रणनीति के मुख्य घटकों में शासन संरचना, व्यवहारिक खतरों का आकलन और प्रबंधन करने वाली टिम्स (बीटीएएम) की स्थापना करना, सूचना साझाकरण तंत्र को परिभाषित करना, प्रशिक्षण और सहायता प्रदाताओं के साथ संबंध स्थापित करना शामिल है। निम्नलिखित अनुभागों में प्रत्येक घटक का अधिक विस्तार से वर्णन किया गया है।

## शासन संरचनाओं की स्थापना करना

एक राज्य TVTP रणनीति को शासन संरचनाओं के गठन को बढ़ावा देना चाहिए, जो रणनीति को परिभाषित करते हैं और बनाए रखते हैं। एक प्रभावी शासन संरचना में प्रमुख हितधारकों के प्रतिनिधि शामिल होने चाहिए और उसे एजेंसियों के बीच समन्वय और सहयोग के लिए एक तंत्र के रूप में काम करना चाहिए। यह संरचनाएँ राज्य की एजेंसियों, स्थानीय सरकारों और सामुदायिक संगठनों के लिए भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण हैं। TVTP प्रयासों पर सामूहिक रूप से ध्यान केंद्रित करके, शासन संरचनाएं नीति की दिशा और संसाधनों के आवंटन के बारे में रणनीतिक निर्णय ले सकती हैं।

शासन संरचनाओं की स्थापना करते समय जवाबदेह नेतृत्व के लिए राज्यव्यापी प्रथाओं को लागू करने और रोकथाम प्रयासों को मानकीकृत करने के लिए राज्य के अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाता है। आदर्श रूप से, इसमें TVTP कार्यक्रम के मुख्य घटकों को विकसित करने के लिए राज्य की एजेंसियों द्वारा प्रशासित सार्वजनिक और निजी हितधारकों के एक बहु-विषयक, बहु-क्षेत्राधिकार समूह की नियुक्ति शामिल है।

## TVTP टीम का गठन

राज्य TVTP रणनीति बनाने में पहला कदम एक शासन संरचना (कार्य समूह, संचालन समिति, सलाहकार समिति या टास्क फोर्स) स्थापित करना है। CP3 राज्य के नेतृत्व तक पहुंच बनाने और शासन संरचना बनाने में मदद करने के लिए एजेंसियों को संगठित करने में सहायता कर सकता है। दूसरे कदम में नेतृत्व द्वारा राज्य एजेंसी की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की पहचान करना और निर्धारित करना है, जिसमें यह भी शामिल है की कौनसी राज्य एजेंसी या एजेंसियां प्रशासन, संचार, रिकॉर्ड और रसद के लिए जिम्मेदार होंगी। एक बार जब राज्य TVTP टीम स्थापित हो जाती है और भूमिकाएं परिभाषित हो जाती हैं, तो राज्य को यह निर्धारित करना होगा की अल्पावधि और दीर्घावधि में वह कैसे TVTP प्रयासों को संसाधन प्रदान करेगा।

## मिशन, लक्ष्य, उद्देश्य और ऑडियंस की पहचान करना

एक बार शासन संरचना स्थापित हो जाने के बाद, राज्य को अपनी रणनीति को प्रभावी ढंग से आकार देने के लिए अपने मिशन, लक्ष्यों, उद्देश्यों और लक्षित ऑडियंस को परिभाषित करना चाहिए। राज्य और क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर मौजूदा सामुदायिक लचीलापन और हिंसा रोकथाम संसाधनों को मैप करने वाली एक सूची संकलित करना महत्वपूर्ण है। यह संसाधन हिंसा के जोखिम के खिलाफ सुरक्षात्मक कारकों को बढ़ावा देते हैं और इन्हें बेहतर सूचना साझाकरण में निवेश के माध्यम जैसे TVTP रणनीति के उद्देश्यों के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है। वे उन प्रमुख ऑडियंस की पहचान करने में भी मदद करते हैं जिन्हें रणनीति में भागीदार के रूप में शामिल किया जाना चाहिए।

शासन टिम को यह भी निर्धारित करना चाहिए की वह किस तरह से विशिष्ट समुदाय और व्यक्तिगत जोखिम कारकों की पहचान करेगा और उनका आकलन करेगा, जिन्हें राज्य की रणनीति द्वारा संबोधित किया जाना है। सामुदायिक जोखिम कारकों में अलगाव, आर्थिक तनाव और जनसांख्यिकीय बदलाव शामिल हो सकते हैं, जबकि व्यक्तिगत जोखिम कारकों में सामाजिक अलगाव, मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों के एक्सेस की कमी, कम आर्थिक संभावनाएँ या प्रयोजन या महत्व के भूल जाने की भावना शामिल हो सकती है। व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर जोखिम कारकों को कम करने वाले कार्यक्रमों के अलग-अलग उद्देश्य होंगे, भागीदारों के समूहों की अलग-अलग आवश्यकता होगी और पूरे राज्य में एक समान नहीं हो सकते हैं। राज्यव्यापी आकलन करने और राज्य के भीतर विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के लिए लक्षित हिंसा की आवश्यकता के आकलन को विकसित करने के लिए प्रासंगिक एजेंसियों और विशेषज्ञों के साथ सहयोग आवश्यक है।

एक बार मिशन, लक्ष्य और उद्देश्य निर्धारित हो जाने के बाद, रणनीति के मापदंडों और दायरे पर विचार किया जाना चाहिए। मापदंडों और दायरे को स्थापित करने के लिए मार्गदर्शक प्रश्नों में शामिल हैं:

- स्थानीय एवं राज्य सरकारें कहां सहायता प्रदान कर सकती हैं?
- कहां हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए?
- गैर-सरकारी संस्थाओं या सामुदायिक नेताओं द्वारा कौन से मुद्दे संबोधित किए जा सकते हैं?
- कौन से मुद्दे रणनीति के दायरे से बाहर हैं?
- जनता को स्थानीय सरकार से कब और कैसे सहयोग लेना चाहिए?
- पिछले कार्यक्रमों का सामुदायिक संबंधों पर क्या प्रभाव पड़ा था?
- नई रणनीति मौजूदा रणनीतियों, जैसे की राज्य की सार्वजनिक स्वास्थ्य, होमलैंड सिक्योरिटी, सार्वजनिक सुरक्षा या राज्य हिंसा घटौती रणनीतियों से किस प्रकार भिन्न है या उनकी पूरक है?

## राज्य TVTP रणनीति का मसौदा तैयार करना

राज्य TVTP रणनीति विकास का अंतिम चरण एकत्रित जानकारी को संश्लेषित कर के एक सुसंगत योजना विकसित करना है। टीम को राज्यपाल कार्यालय जैसे राज्य के नेतृत्व के साथ मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया का समन्वय करना चाहिए। एक बार स्वीकृत होने के बाद, पूरे राज्य में कार्यान्वयन के लिए रणनीति को वितरित किया जा सकता है। राज्यों को अपने प्रयासों को साझा करने और अपने काम में पारदर्शिता को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी रणनीति को सार्वजनिक रूप से पोस्ट करना चाहिए।

## मेट्रिक्स का विकास

राज्य सरकारों को अपनी रणनीति का मूल्यांकन करने के लिए व्यापक प्रदर्शन और परिणाम मेट्रिक्स की आवश्यकता होगी। राज्य TVTP रणनीति टीम को उन हितधारकों की पहचान करनी चाहिए जो रणनीति के विकास और कार्यान्वयन प्रक्रिया के दौरान उसका मूल्यांकन ढांचा विकसित करने में मदद कर सकते हैं। नियोजन प्रक्रिया की शुरुआत से ही कार्यक्रम मूल्यांकन पर विचार करके राज्य यह पहचान करेगा की समय के साथ निरंतर सुधार संभव हो सके उसके लिए, कार्यान्वयन और प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने हेतु उसे किन मुख्य प्रदर्शन संकेतकों की आवश्यकता है। एक तटस्थ तीसरा पक्ष, जैसे की उच्च शिक्षा का संस्थान, राज्य को मापन और मूल्यांकन (M&E) विशेषज्ञता (जैसे, मूल्यांकन उपकरण, विषय विशेषज्ञ, समय) प्रदान कर सकता है। TVTP टीम को यह सुनिश्चित करना चाहिए की तीसरे पक्ष के मूल्यांकनकर्ता वैज्ञानिक उपायों का उपयोग करें और पूर्वाग्रह को रोकने के लिए कार्यान्वयन में भूमिका से बचें।

NGA (2022) ने लक्षित हिंसा और आतंकवाद से निपटने के लिए व्यापक प्रोग्रामिंग की प्रगति को दर्शाने के लिए मुख्य प्रदर्शन संकेतक (NGA, 2024) विकसित किए है। सैम्पल के आउटपुट, परिणाम और प्रभाव के उपायों सहित इन संसाधनों को राज्यव्यापी TVTP रणनीति विकसित करते समय किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों और गतिविधियों के अनुकूल बनाया जा सकता है। रणनीति के दौरान सीखने और सुधार का समर्थन करने के लिए TVTP टीम को शुरुआती विकास चरणों में इन संसाधनों को शामिल करना चाहिए।

## राज्यव्यापी TVTP रणनीति कार्यशाला का आयोजन करना

TVTP प्रयासों को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए, राज्यव्यापी TVTP कार्यशाला अंतर, अवसरों और कार्यक्रमों की पहचान करती है। कार्यशाला प्रतिभागियों को संसाधनों और रणनीतियों की समीक्षा करने का अवसर देती है। कार्यशाला के उद्देश्यों में एक मुख्य मसौदा टीम और बाद के उद्देश्यों के लिए लक्ष्य तिथियों की पहचान करना शामिल हैं। प्रतिभागियों में यह शामिल हो सकते हैं:

- होमलैंड सिक्योरिटी सलाहकार
- व्यवहारिक स्वास्थ्य, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक सेवाओं के राज्य विभाग
- संकट समय के हस्तक्षेप कार्यक्रम, हॉटलाइन, आदि।
- शिक्षा
- कानून प्रवर्तन
- शाला सुरक्षा केंद्र
- न्यायालय (न्यायपालिका, किशोर न्याय एजेंसियां)
- गैर-सरकारी संगठन, आत्मीयता समूह और सामुदायिक नेता

समुदायों और हितधारकों से इनपुट प्राप्त करने के लिए TVTP टीम को एक राज्यव्यापी TVTP रणनीति कार्यशाला आयोजित करनी चाहिए ताकि 1) राज्य और क्षेत्रीय प्रयासों में TVTP के लिए सर्वोत्तम अभिगम और 2) मौजूदा रोकथाम प्रयासों को कैसे शामिल किया जाए, यह निर्धारित किया जा सके। इस रणनीति कार्यशाला में राज्यभर के स्थानीय लोगों के प्रतिनिधियों से भी परामर्श किया जाना चाहिए, जिसमें धार्मिक और आस्था-आधारित समुदाय शामिल हैं, साथ ही उच्च शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और कानून प्रवर्तन जैसे क्षेत्रों के विभिन्न पेशेवरों के साथ-साथ ऐसे व्यक्ति और संगठन भी शामिल हैं जो TVTP का विरोध कर सकते हैं। रणनीति कार्यशाला को बहुभाषी संचार का समर्थन करना चाहिए और प्रतिक्रिया के लिए बाहरी TVTP विशेषज्ञों को आमंत्रित करना चाहिए। CP3 बहु-विषयक भागीदारों के माध्यम से TVTP कार्यशालाओं का आयोजन करने वाले राज्यों का समर्थन कर सकता है।

## व्यवहारिक खतरों का आकलन और प्रबंधन करने वाली टीम्स




शासन संरचना स्थापित करने के साथ-साथ, राज्य TVTP टीम को रणनीति के अतिरिक्त मुख्य घटकों की पहचान करनी चाहिए। कई राज्य TVTP रणनीतियों में प्रशिक्षित और संसाधनयुक्त व्यवहारिक खतरों का आकलन और प्रबंधन करने वाली (BTAM) टीमों का एकीकरण करना एक सामान्य विशेषता होती है। संभावित खतरों की पहचान, आकलन और प्रबंधन के लिए BTAM सक्रिय और सुरक्षात्मक उपाय करते हैं। यदि कोई व्यक्ति धमकी देने वाला या चिंताजनक व्यवहार प्रदर्शित करता/करती है, तो खतरों का आकलन और प्रबंधन टीम यह आकलन करने के लिए जानकारी एकत्र करती है की क्या कोई व्यक्ति नुकसान का जोखिम पैदा करता है और फिर उस जोखिम को प्रबंधित करने के लिए उचित हस्तक्षेप, संसाधन और सहायता

प्रणालियों की पहचान करता है। BTAM मॉडल का उपयोग स्कूलों, कार्यस्थलों और समुदायों में किया जाता है।

BTAM विभिन्न व्यवसायों और संदर्भों के प्रतिनिधियों की एक बहु-विषयक टीम के रूप में सबसे प्रभावी हैं। इनमें वह प्रशासक, व्यवहारिक स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा प्रदाता, धार्मिक नेता, चिकित्सा कर्मी और कानून प्रवर्तन पेशेवर शामिल हो सकते हैं, जिन्होंने जोखिम और खतरे का आकलन करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया हो। राज्यों, समुदायों, कार्यस्थलों और स्कूलों ने सार्वजनिक सुरक्षा योजना में खतरों के आकलन और प्रबंधन क्षमताओं को एकीकृत करने के लिए औपचारिक तंत्र विकसित किए हैं। राज्य TVTP टीम को यह पहचानना चाहिए की वे BTAM रणनीति के लक्ष्यों और उद्देश्यों का समर्थन कैसे कर सकते हैं, साथ ही BTAM टीम प्रशिक्षण, प्रबंधन और मूल्यांकन के लिए संसाधन भी जुटा सकते हैं। समग्र राज्य-व्यापी हिंसा रोकथाम प्रयासों में BTAM टीम्स को एकीकृत करने में CP3 राज्य की कार्य की मदद कर सकता है, जिसमें पेशेवर नेटवर्क से अनुसंधान, प्रशिक्षण के अवसर और सर्वोत्तम अभ्यास साझा करना शामिल है।

### एक बहुविषयक अभिगम

BTAM का एक मुख्य सिद्धांत इसका समुदाय-केंद्रित अभिगम है। बहु-विषयक टीम्स इस अभिगम को समाविष्ट करती हैं, क्योंकि वे लक्षित हिंसा के जटिल मुद्दे को संबोधित करने में समुदाय की सामूहिक जिम्मेदारी का उदाहरण पेश करती हैं। यह टीम्स मानती हैं की हिंसा की रोकथाम के लिए व्यक्तिगत विशेषज्ञता से परे एक सहयोगात्मक प्रयास की आवश्यकता होती है। वे विभिन्न क्षेत्रों के बीच के अंतर को कम करके एक सुरक्षित, अधिक लचीला समुदाय बनाने के लिए आवश्यक ज्ञान, संसाधन और दृष्टिकोणों को एक साथ लाते हैं। कानून प्रवर्तन, सरकारी अधिकारी, मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर, मादक द्रव्यों के सेवन के परामर्शदाता, शिक्षक, नियोक्ता, न्यायाधीश, पैरोल अधिकारी और सामुदायिक संगठनों सहित कई हितधारकों को शामिल करने से यह सुनिश्चित होता है की हर कोई एक सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा दे। सहयोग, संरेखण और व्यक्तियों और समुदायों की भलाई की सुरक्षा के लिए एक साझा प्रतिबद्धता के माध्यम से, यह टीम्स हिंसा की रोकथाम में बदलाव के लिए एक शक्तिशाली प्रभाव हैं।.

## सूचना साझाकरण तंत्र को परिभाषित करना

TVTP की बहुविषयक प्रकृति के लिए यह आवश्यक है की सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों, राज्य-स्तरीय अधिकारी तंत्र और विभिन्न विषयों के पेशेवरों के बीच सूचना का संचार किया जाए। पेशेवर शब्दावली में अंतर, अलग-अलग सांस्कृतिक मानदंड और सूचना साझा करने को सीमित करने वाले कानून के कारण TVTP टीम द्वारा सूचना साझाकरण तंत्र बनाने चाहिए जो राज्य TVTP रणनीति का समर्थन कर सकते हैं, साथ ही गोपनीयता, नागरिक अधिकारों और नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा भी करनी चाहिए।

उदाहरण के लिए, काउंटी-स्तरीय व्यवहारिक खतरों का आकलन और प्रबंधन करने वाली टीम्स को स्कूलों, सामाजिक सेवा प्रदाताओं, परिवार के सदस्यों, चिकित्सकों और नियोक्ताओं या अन्य समुदाय-आधारित संगठनों के साथ साझेदारी में जानकारी प्राप्त करने, साझा करने और संरक्षित करने के एक तरीके की आवश्यकता होगी। एक रेफरल स्वीकार करने वाले चिकित्सक को यह जानना होगा की अगर उन्हें लगता है की लक्षित हिंसा का कार्य सन्निकट हो सकता है, तो सार्वजनिक सुरक्षा पेशेवरों को कैसे और कब सूचित करना है। एक परिवीक्षा या पैरोल अधिकारी को किसी व्यक्ति के पुनर्वास और समुदाय में पुनःएकीकरण की सुविधा के लिए सेवा प्रदाताओं और नियोक्ताओं के साथ जानकारी साझा करने की आवश्यकता हो

सकती है। गोपनीयता, नागरिक अधिकारों और नागरिक स्वतंत्रता सुरक्षा के अनुरूप प्रभावी कार्यक्रमों के व्यापक अंगीकरण को सुनिश्चित करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और सीखे गए सबक को व्यापक रूप से साझा करने में रोकथाम कार्यक्रम सक्षम होने चाहिए।

## सुरक्षात्मक गोपनीयता, नागरिक अधिकार और नागरिक स्वतंत्रता

नागरिक अधिकार, नागरिक स्वतंत्रता और गोपनीयता संरक्षण किसी भी राज्य **TVTP** रणनीति में सबसे महत्वपुर्ण है।

गोपनीयता, नागरिक अधिकार और नागरिक स्वतंत्रता (P/CRCL) की सुरक्षा किसी भी राज्य TVTP रणनीति में सबसे महत्वपुर्ण होनी चाहिए। TVTP टीम को यह सुनिश्चित करना चाहिए की नीतियों या सुरक्षा उपायों के माध्यम से यह रणनीति सक्रिय रूप से P/CRCL की सुरक्षा और उसका प्रचार करती है। टीम को गवर्नर के कानूनी और साझेदार एजेंसी परामर्शदाताओं के साथ भी सहयोग करना चाहिए, जिसमें स्थानीय फ्यूजन सेंटर में गोपनीयता अधिकारियों और नीतियों से परामर्श करना शामिल है, ताकि TVTP कार्यक्रमों से संबंधित सभी एजेंसी नीतियों और कार्यक्रमों में सार्वभौमिक सुरक्षा उपायों को लागू किया जा सके। इस सहयोग से किसी भी चिंता (जैसे, गोपनीयता सुरक्षा, उचित प्रक्रिया, कानून के अनुपालन या डेटा सुरक्षा प्रक्रियाओं के बारे में) के समाधान की पहचान होनी चाहिए।

P/CRCL की सुरक्षा का एक प्रमुख घटक सभी TVTP गतिविधियों की पारदर्शिता बढ़ाना है, जिसे बैठकों के विवरण को रिकॉर्ड करने और प्रकाशित करने, रोकथाम कार्यक्रमों और साझेदारी (जैसे, BTAM टीम्स) के समन्वय के लिए एक पद्धति प्रदान करने, एक राज्य- या संगठन-व्यापी P/CRCL नीति बनाने जैसे प्रयासों को सार्वजनिक करके और राज्य की गतिविधियों, उपयोग किए गए संसाधनों, शामिल संगठनों और एजेंसियों और मौजूदा सुरक्षा उपायों का विवरण देती हुई एक वेबसाइट बनाए रखने से पूरा किया जा सकता है। प्रशिक्षण सामग्री, सूचना-साझाकरण प्रक्रियाएं और मूल्यांकन उपकरण भी जनता के लिए उपलब्ध कराए जा सकते हैं ताकि स्वतंत्र विशेषज्ञ उनकी समीक्षा कर सकें।

इसके अतिरिक्त, राज्य TVTP रणनीति यह मानती है की स्वास्थ्य, व्यवहारिक स्वास्थ्य और शिक्षा भागीदारों को शामिल करने वाले बहु-विषयक सार्वजनिक स्वास्थ्य अभिगम को गोपनीयता सुरक्षा का भी सम्मान करना चाहिए, जैसे की स्वास्थ्य बीमा पोर्टेबिलिटी और जवाबदेही अधिनियम (HIPAA), पारिवारिक शैक्षिक अधिकार और गोपनीयता (FERPA) और अन्य प्रासंगिक संघीय, राज्य और स्थानीय गोपनीयता सुरक्षाएं। HIPAA और FERPA दोनों में सन्निकट खतरों और सार्वजनिक सुरक्षा चिंताओं से संबंधित मुक्ति शामिल हैं जो इस TVTP रणनीति के उद्देश्य के अनुरूप हैं।

राज्य **TVTP** रणनीति यह मानती है की स्वास्थ्य, व्यवहारिक स्वास्थ्य और शिक्षा भागीदारों को शामिल करने वाले बहुविषयक सार्वजनिक स्वास्थ्य अभिगम को गोपनीयता सुरक्षा का भी सम्मान करना चाहिए।

## पारिभाषिक शब्दों को स्पष्ट करना

राज्य TVTP रणनीति बनाते समय, उन शब्दों को परिभाषित करना महत्वपूर्ण है जिनके अन्य अनुशासनात्मक क्षेत्रों में अलग-अलग अर्थ हो सकते हैं। TVTP टीम को मौजूदा कानूनों और नीतियों पर विचार करना चाहिए जो पहले से ही परिभाषाएँ प्रदान कर सकते हैं, जिसमें संघीय और राज्य आतंकवाद और घृणा अपराध क़ानूनों की समीक्षा शामिल है। साझा की गई शब्दावली के माध्यम से TVTP रणनीति की साझा समझ होने से कार्रवाई और सार्वजनिक संदेश की एकरूपता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

**बहुविषयक टीम्स के लिए परिभाषित सामान्य शब्द**

- सामुदायिक नीति प्रवर्तन
- सामुदायिक लचीलापन
- आतंकवाद प्रतिरोध
- कट्टरपंथ से मुक्ति
- मुक्ति
- वियोजन
- घरेलू हिंसक उग्रवाद
- घृणा अपराध
- घरेलू आतंकवाद
- विचारधारा
- पाबंदी
- हस्तक्षेप
- मानसिक स्वास्थ्य
- मानसिक बिमारी
- गैर-आपराधिक
- प्रारंभिक, प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक रोकथाम
- प्रक्रियात्मक न्याय
- खतरे का आकलन
- हिंसक उग्रवाद
- हिंसा की रोकथाम

*स्रोत: लक्षित हिंसा को रोकने के लिए राज्यपाल का रोडमैप, नेशनल गवर्नर एसोसिएशन*

## प्रशिक्षण

राज्य TVTP रणनीति कानून प्रवर्तन, मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता और 911-कॉल स्टाफ जैसे विभिन्न व्यवसायों को प्रशिक्षण देने का अवसर प्रदान करती है। ऑडियंस के TVTP से परिचित होने के अलग-अलग स्तर को देखते हुए, कौन सा प्रशिक्षण प्रासंगिक हो सकता है इसका आकलन करने में पहला कदम CP3 से परामर्श करना है। खतरे के परिदृश्य पर संघीय प्रशिक्षण और BTAM के लिए विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से, स्कूल सुरक्षा पहल या सक्रिय शूटर रोकथाम द्वारा राज्य और स्थानीय भागीदारों का समर्थन करने के लिए कई विकल्प मौजूद हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य इस बात पर विचार कर सकते हैं की उनके काम को बढ़ाने के लिए कौन सा राज्य या स्थानीय प्रशिक्षण उपलब्ध है, जैसे की निजी क्षेत्र में आउटरीच कार्यक्रम, आत्महत्या या अंतरंग साथी हिंसा की रोकथाम पर प्रशिक्षण या पहले उत्तरदाताओं के लिए संकट हस्तक्षेप प्रशिक्षण। यह प्रशिक्षण TVTP टीम के सदस्यों के बीच सामान्य ज्ञान और समझ का निर्माण करते हैं। यह प्रशिक्षण TVTP टीम को ज्ञान में अंतराल की पहचान करने में भी मदद कर सकता है, जिसके लिए अनुकूलित समर्थन की आवश्यकता हो सकती है। राज्यों को समर्थन देने के लिए CP3 अच्छी स्थिति में है क्योंकि वे अपनी विशिष्ट प्रशिक्षण आवश्यकताओं को रेखांकित करता हैं।

प्रशिक्षण के अवसरों और अतिरिक्त जानकारी का पता लगाने के लिए प्रासंगिक DHS समर्थित संघीय संसाधनों में शामिल हैं:

- **सामुदायिक जागरूकता ब्रीफिंग** समुदायों को लक्षित हिंसा और आतंकवाद को रोकने के तरीकों के बारे में शिक्षित करती है। अधिक जानकारी के लिए, www.dhs.gov/cp3 पर जाएँ या ब्रीफिंग का अनुरोध करने के लिए, CP3Field@hq.dhs.gov पर ईमेल करें।
- **आपातकालीन प्रबंधन और सक्रिय शूटर प्रशिक्षण,** व्यक्तियों, स्कूलों, कार्यस्थलों और समुदायों को आपातकालीन स्थितियों के लिए योजना बनाने और व्यवहार संबंधी संकेतकों की पहचान करने, कार्य योजना बनाने और सक्रिय शूटर घटना से जल्दी से उबरने के तरीके के बारे में तैयार करते हैं। अधिक जानकारी के लिए, www.training.fema.gov और www.cisa.gov/active-shooter-preparedness पर जाएँ।
- **नेशनल थ्रेट आकलन केंद्र** राज्य और स्थानीय कानून प्रवर्तन, स्कूलों, विश्वविद्यालयों, आदि को खतरा आकलन और लक्षित हिंसा की रोकथाम पर प्रशिक्षण प्रदान करता है। कार्यस्थलों और सार्वजनिक सुरक्षा जिम्मेदारियों वाले अन्य संगठनों में। अपने क्षेत्रीय घरेलू सुरक्षा रणनीतिकार से NTAC-DSS@usss.dhs.gov पर संपर्क करें
- नेशनल **थ्रेट इवैल्यूएशन रिपोर्टिंग ऑफिस का** मास्टर ट्रेनिंग प्रोग्राम संघीय, राज्य, स्थानीय, जनजातीय और प्रादेशिक (F/SLTT) भागीदारों को व्यवहारिक खतरों का आकलन और प्रबंधन करने वाली (BTAM) तकनीकों और

सर्वोत्तम प्रथाओं के निर्देश में प्रमाणित करता है। अधिक जानकारी मास्टर ट्रेनिंग प्रोग्राम | होमलैंड सिक्योरिटी (dhs.gov) पर पाई जा सकती है।

- ोमलैंड सिक्योरिटी विभाग** ने विस्कॉन्सिन न्याय विभाग और विस्कॉन्सिन लोक शिक्षण विभाग के साथ मिलकर जनता के लिए एक ई-लर्निंग मॉड्यूल जारी किया है, जिसका शीर्षक है, "लक्षित हिंसा रोकथाम के आधार।" सामग्री को एक्सेस करने के लिए कृपया लक्षित हिंसा रोकथाम के आधार | होमलैंड सुरक्षा (dhs.gov) पर जाएँ।

## सहायता सेवाओं से संबंध

> हिंसा की धमकी देने वाले व्यक्तियों के लिए राज्यों द्वारा हस्तक्षेप सेवा प्रदाताओं का एक नेटवर्क स्थापित करना चाहिए।

राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा प्रासंगिक हिंसा रोकथाम सहायता प्रदाताओं को TVTP में उनकी भूमिका के बारे में सूचित करना चाहिए। हिंसा की धमकी देने वाले व्यक्तियों के लिए राज्यों द्वारा हिंसा रोकथाम सेवा प्रदाताओं का एक नेटवर्क भी स्थापित करना चाहिए - उन लोगों का समर्थन करने के लिए जिन्हें लक्षित हिंसा गतिविधि से अलग होने की आवश्यकता है और जो उसी रास्ते पर जा रहे हैं। मौजूदा सहायता सेवाओं का लाभ उठाने, उन सेवा प्रदाताओं के पेशेवर विकास को बढ़ाने और ज़रूरतमंद व्यक्तियों को सेवाएँ प्रदान करने के लिए और नए माध्यम विकसित करने के तरीकों की पहचान करने के लिए, राज्य CP3 के साथ काम कर सकते हैं।

राज्यों को सेवा प्रदाताओं के लिए ऐसी प्रणालियाँ स्थापित करनी चाहिए, जिससे वे सेवाओं की ज़रूरत वाले लोगों तक पहुँच सकें और सहायता के अनुरोधों का समाधान सुनिश्चित करने के लिए समर्थन सेवा डेटा को ट्रैक करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने पर विचार करना चाहिए। हस्तक्षेप सेवाएँ उन व्यक्तियों के लिए सुलभ होनी चाहिए जो अंग्रेजी को दूसरी या विदेशी भाषा के रूप में बोलते हैं। इसके अतिरिक्त, राज्यों को केसवर्कर्स को प्रशिक्षण देने पर विचार करना चाहिए ताकी वे यह निर्धारित कर सके की प्रत्येक व्यक्ति पर पर्याप्त ध्यान सुनिश्चित करने के लिए समर्थन योजना में कानून प्रवर्तन सहित अन्य पेशेवरों को कब और कैसे शामिल किया जाए।

सहायता कार्यक्रमों के उदाहरणों में शामिल हैं:

- कोई/कम लागत वाला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम
- गिरोह विरोधी कार्यक्रम
- घृणा-विरोधी/पूर्वाग्रह-विरोधी कार्यक्रम
- ऑनलाइन सुरक्षा कार्यक्रम
- पुनरावृत्ति/पुनः एकीकरण कार्यक्रम
- बंदूक-हिंसा रोकथाम कार्यक्रम
- अंतरंग-साथी हिंसा रोकथाम कार्यक्रम
- मादक द्रव्य सेवन की रोकथाम का कार्यक्रम
- आत्महत्या रोकथाम कार्यक्रम
- ऑनलाइन क्रिटिकल थिंकिंग/मीडिया साक्षरता कार्यक्रम

## हितधारकों को शामिल करना

TVTP टीम को संगठनों, निजी कंपनियों और राज्य और स्थानीय सरकारी एजेंसियों द्वारा किए जा रहे मौजूदा हिंसा रोकथाम प्रयासों की समीक्षा करनी चाहिए ताकि यह निर्धारित किया जा सके की क्या प्रयास पूरक हैं और सहयोग के अवसरों की पहचान हो सके। इसमें लक्षित हिंसा रोकथाम रणनीति के साथ संभावित ओवरलैप के लिए पहले से मौजूद रोकथाम

कार्यक्रम या स्थानीय रोकथाम चिकित्सकों के नेटवर्क (जैसे, आत्महत्या रोकथाम, बदमाशी विरोधी, मादक द्रव्य सेवन की रोकथाम, गिरोह की रोकथाम) शामिल होने चाहिए। TVTP टीम को उन हितधारकों की भी पहचान करनी चाहिए जो वंचित समुदायों में रोकथाम सेवाएं प्रदान करने में सरकारी एजेंसियों और संगठनों की मदद कर सकते हैं।

TVTP टीम जिनके साथ सहयोग करने की योजना बनाती हैं उन संगठनों और हितधारकों की क्षमताओं और सीमाओं तथा TVTP की भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ, जो एक हितधारक अपनी पारंपरिक भूमिका जिम्मेदारी के बाहर निभा सकता है, पहचानने चाहिए, ताकि यह निर्धारित किया जा सके की वे रोकथाम मिशन का सबसे अच्छा समर्थन कैसे कर सकते हैं। TVTP टीम को यह सुनिश्चित करना चाहिए की जिम्मेदारी किसी एक समूह या पेशे पर केंद्रित न हो।

यह मानते हुए की कानून प्रवर्तन के बाहर के कुछ हितधारक इस विषय से अपरिचित हो सकते हैं, TVTP टीम द्वारा संभावित हितधारकों के साथ बातचीत के दौरान, इस मुद्दे के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए लक्षित हिंसा और आतंकवाद की रोकथाम की शब्दावली को परिभाषित करना चाहिए। संभावित हितधारकों को लक्षित हिंसा के आँकड़ों को, लक्षित हिंसा उनके राज्य को कैसे प्रभावित करती है और उन्हें इसमें क्यों शामिल होना चाहिए, इन सब को समझने की ज़रूरत है। TVTP टीम को राज्य भर में स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि ज़रूरतों की पहचान की जा सके और TVTP रणनीति में हितधारकों की भूमिकाओं और ज़िम्मेदारियों के बारे में लोगों को सूचित किया जा सके। इसे हितधारकों के सवालों और चिंताओं का जवाब देने के लिए भी तैयार रहना चाहिए।

केवल कानून प्रवर्तन के माध्यम से काम करने के बजाय, राज्यव्यापी रणनीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कई एजेंसियों, सरकार के स्तरों और सार्वजनिक-निजी भागीदारी की आवश्यकता होती है। इस रणनीति में बहु-विषयक सहयोग, सुव्यवस्थित प्रयास और संसाधनों और सेवाओं को साझा करना पड सकता है।

| संभावित TVTP भागीदार | | |
|---|---|---|
| **संघीय** | **राज्य** | **स्थानीय/NGOs** |
| होमलैंड सिक्योरिटी विभाग | स्वास्थ्य और मानव सेवाएं | सामुदायिक संगठन |
| फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन | सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसियाँ | आस्था आधारित संगठन |
| रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र | कानून प्रवर्तन | गैर-लाभकारी संस्था |
| राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक केंद्र | अटॉर्नी जनरल का कार्यालय | स्कूल और विश्वविद्यालय |
| स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग | विधायक | व्यवहारिक स्वास्थ्य प्रदाता |

*स्रोत: लक्षित हिंसा को रोकने के लिए राज्यपाल का रोडमैप, नेशनल गवर्नर एसोसिएशन (एनजीए)*

# राज्य TVTP रणनीति के उदाहरण

2020 में, NGA के सर्वोत्तम अभ्यास केंद्र को CP3 से दो साल का अनुदान मिला था, ताकि राज्यों को लक्षित हिंसा को रोकने के लिए रणनीति विकसित करने और उसे लागू करने में मदद मिल सके। कई राज्यों ने लक्षित हिंसा को रोकने पर NGA की नीति अकादमी में भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप कई राज्य TVTP रणनीतियों का विकास और कार्यान्वयन हुआ। निम्नलिखित संयुक्त राज्य अमेरिका में राज्यव्यापी TVTP रणनीतियों के उदाहरण हैं।

## न्यूयॉर्क राज्य लक्षित हिंसा रोकथाम रणनीति 2023




यह रणनीति हितधारकों के एक व्यापक समूह को शामिल करने के लिए एक बहु-विषयक सार्वजनिक स्वास्थ्य अभिगम को नियोजित करती है ताकि प्रासंगिक जोखिम कारकों को बेहतर ढंग से समझा जा सके और सभी प्रकार की लक्षित हिंसा के खतरे को रोका जा सके। लगातार बदलते हुए खतरे के माहौल के लिए न्यूयॉर्क राज्य का अभिगम एक व्यापक प्रयास के रूप में विकसित हुआ है। लक्षित हिंसा से निपटने के लिए, यह लक्षित हिंसा रोकथाम रणनीति राज्य के प्रयासों को रेखांकित करती है और राज्य की व्यापक होमलैंड सिक्योरिटी रणनीति की पूरक है। रणनीति निश्चित किया गया है की अधिकांश हस्तक्षेप स्थानीय या सामुदायिक स्तर पर भागीदारों को सर्वोत्तम सहायता प्रदान करने के लिए होते हैं, जिसमे राज्य के वित्तपोषण, प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और परिचालन सहायता शामिल होते हैं। इस अभिगम के साथ रणनीतिक लक्ष्यों और उद्देश्यों में शामिल हैं a) लक्षित हिंसा रोकथाम शिक्षा, b) हितधारकों और जनता के साथ जानकारी साझा करना और c) लक्षित हिंसा को बाधित करने और लक्षित हिंसा के संभावित प्रभाव को कम करने के लिए प्रभावी कार्यक्रमों और पहलों का उपयोग करना।

## इलिनोइस लक्षित हिंसा रोकथाम रणनीति, K-12 और उच्च शिक्षा




इलिनोइस राज्य लक्षित हिंसा रोकथाम रणनीति द्वारा स्थानीय सरकार, निजी क्षेत्र, समुदाय और जमीनी स्तर के भागीदारों सहित सभी राज्य एजेंसियों और हितधारकों के लिए लक्षित हिंसा रोकथाम गतिविधियों का समन्वय किया गया है। रोकथाम कार्यक्रमों के समन्वय और भागीदारी बनाने के लिए इलिनोइस एक पद्धति प्रदान करता है जहाँ समुदाय रोकथाम संसाधनों को साझा कर सकते हैं जो लक्षित हिंसा के कार्य से पहले समुदाय की जरूरतों को पूरा करते हैं। इस प्रयास से समग्र इलिनोइस राज्य में सार्वजनिक सुरक्षा और राज्य एवं संघीय एजेंसियों के साथ सहयोग करने के लिए मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामुदायिक कार्यक्रमों के क्षेत्रों में विषय वस्तु विशेषज्ञों को एकजुट किया हैं। रणनीति का उद्देश्य प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक रोकथाम; उच्च शिक्षा और K-12-आधारित BTAM के लिए समुदाय-आधारित लक्षित हिंसा रोकथाम संसाधनों को मजबूत करना है; और क्षेत्रीय समुदाय-आधारित BTAM टीम्स की क्षमताओं को स्थापित करना और बनाए रखना है। इलिनोइस रणनीति को 2024-2028 की अवधि के लिए स्थापित होमलैंड सिक्योरिटी लक्ष्यों और उद्देश्यों के साथ संरेखित किया गया हैं ताकि नई उभरती सुरक्षा चुनौतियों के प्रति गतिशील और उत्तरदायी बने रहें, एक व्यापक और दूरदर्शी ढांचा प्रदान किया जा सके।

### हवाई लक्षित हिंसा रोकथाम रणनीति 2022




हवाई की सार्वजनिक सुरक्षा के लिए लक्षित हिंसा, विशेष रूप से सामूहिक लक्षित हिंसा के निरंतर खतरे को संबोधित करने के लिए हवाई राज्यने अतिरिक्त राज्य संसाधनों को प्रतिबद्ध करने की तत्काल आवश्यकता को पहचाना। राज्य सरकार एक राज्यव्यापी, समुदाय व्यापी रणनीति की आवश्यकता की कल्पना करती है जो सभी सामाजिक क्षेत्रों में सभी प्रकार की लक्षित हिंसा का प्रभावी ढंग से मुकाबला कर सकती हो। हवाई होमलैंड सिक्योरिटी का आधुनिक, परिचालन पद्धतियों और सर्वोत्तम आचरण पर आधारित कार्यालय, एक व्यापक, समुदाय-आधारित लक्षित हिंसा रोकथाम रणनीति विकसित करने और लागू करने के इस प्रयास का नेतृत्व करता है। इस राज्यव्यापी TVTP रणनीति का आधार संचार, सहयोग और व्यवहार हस्तक्षेप/खतरों का आकलन करने वाली प्रबंधन टीमों में निहित हैं।

# निष्कर्ष

लक्षित हिंसा और आतंकवाद के जोखिमों से समुदायों और व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए राज्य TVTP रणनीति एक व्यापक ढांचा प्रदान करती है। सार्वजनिक स्वास्थ्य-सूचित अभिगम में निहित, राज्य TVTP रणनीतियाँ नागरिक अधिकारों, नागरिक स्वतंत्रता और गोपनीयता की रक्षा करते हुए बहु-विषयक सहयोग पर जोर देती हैं। BTAM के मुख्य घटक, सूचना-साझाकरण तंत्र, प्रशिक्षण, सहायता प्रणालियों के साथ संबंध और शासन संरचनाओं को लागू करके, राज्य द्वारा लक्षित हिंसा और आतंकवाद के जटिल मुद्दे को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता हैं और उसका समाधान किया जा सकता हैं और साथ ही अहिंसा और हिंसा की रोकथाम को बढ़ावा मिलता हैं।

यह रोकथाम संसाधन राज्य अधिकारियों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सामुदायिक नेताओं और TVTP प्रयासों में शामिल अन्य हितधारकों के लिए मार्गदर्शन और संरचना प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एक साथ काम करके और इस व्यापक अभिगम को अपनाकर, राज्य लक्षित हिंसा और आतंकवाद को रोकने और अपने समुदायों की भलाई और सुरक्षा को बढ़ावा देने की अपनी क्षमता को बढ़ा सकते हैं।

# अतिरिक्त संसाधन

होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का सेंटर फॉर प्रिवेंशन प्रोग्राम्स एंड पार्टनरशिप्स (CP3) लक्षित हिंसा और आतंकवाद के कृत्यों को रोकने और कम करने के लिए संसाधन प्रदान करता है। आपके राज्य को सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए जरुरी संसाधनों में फील्ड स्टाफ से तकनीकी सहायता, अनुदान और प्रशिक्षण और शैक्षिक सामग्री शामिल हैं।

**क्षेत्रीय रोकथाम समन्वयक** राज्य और स्थानीय स्तर पर लक्षित हिंसा और आतंकवाद की रोकथाम के प्रयासों का समर्थन करते हैं। वे जानकारी साझा करते हैं, प्रशिक्षण प्रदान करते हैं और रोकथाम में शामिल हो सकते हो वैसे सामुदायिक भागीदारों के लिए नेटवर्क बनाने में मदद करते हैं। अधिक जानकारी के लिए, www.dhs.gov/cp3 पर जाएँ या CP3 क्षेत्रीय रोकथाम समन्वयक से जुड़ने के लिए, cp3field@hq.dhs.gov पर ईमेल करें।

**लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम अनुदान कार्यक्रम द्वारा** राज्य, स्थानीय, आदिवासी और प्रादेशिक सरकारों, गैर-लाभकारी संस्थाओं और उच्च शिक्षा संस्थानों को लक्षित हिंसा और आतंकवाद को रोकने के लिए अपनी क्षमताएँ स्थापित

करने या बढ़ाने के लिए धन मुहैया कराता है। www.dhs.gov/tvtpgrants पर अधिक जानकारी प्राप्त करें और आवेदन करें या terrorismprevention@hq.dhs.gov पर अनुदान टीम से संपर्क करें।

**प्रिवेंशन रिसोर्स फाइंडर** संघीय संसाधनों का एक क्लियरिंगहाउस है जिसका उद्देश्य भागीदारों को हमारे समग्र देश में हो रहे लक्षित हिंसा और आतंकवाद के लिए तैयार करना और उसे रोकने में मदद करना है। वेबसाइट पर उपलब्ध संसाधनों में सामुदायिक सहायता संसाधन, अनुदान के अवसर, सूचना साझा करने के मंच, साक्ष्य-आधारित शोध और लक्षित हिंसा के जोखिम को कम करने के लिए प्रशिक्षण के अवसर शामिल हैं, जिसमें घृणा-आधारित लक्षित हिंसा भी शामिल है। अधिक जानकारी के लिए यहां क्लिक करें: प्रिवेंशन रिसोर्स फाइंडर | होमलैंड सिक्योरिटी (dhs.gov)

**आभार** : सेंटर फॉर प्रिवेंशन प्रोग्राम्स एंड पार्टनरशिप्स (CP3) उन साझेदारों और विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करना चाहता है जिन्होंने इस रोकथाम संसाधन में दी गई जानकारी पर प्रतिक्रिया दी हैं।